# समाचार

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए महापौर एवं विधायक

कोरबा 13 जुलाई 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल आज भगवान ओंकारेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए, उन्होने भगवान शिव की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमन चैन एवं आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना ईश्वर से की।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी विकास समिति दादरखुर्द के कोरबा के तत्वाधान में हाउंसिंग बोर्ड कालोनी दादरखुर्द में भगवान ओंकारेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन आज किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने इस मौके पर अपनी उपस्थित देते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल व विधायक श्री अग्रवाल ने भगवान महादेव की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन, खुशहाली एवं आमनागरिकों की सुख–समृद्धि व यश–कीर्ति में वृद्धि की कामना ईश्वर से की। इस मौके पर नगर विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि कालोनी के नागरिकों द्वारा भगवान ओंकारेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा का यह कार्य कराया गया है, जिसके लिए कालोनीवासी साधूवाद के पात्र हैं, मैं उन्हें बधाई एवं अपनी शुभकामनाएं देता हूं। विधायक श्री अग्रवाल ने कालोनीवासियों की मांग पर वहां पर विधायकनिधि से सार्वजनिक शेड निर्माण की अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए, शेड बनवाये जाने की घोषणा की। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से कालोनीवासी तथा कालोनी विकास समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण धन्यवाद के पात्र हैं, जिनके माध्यम से यह सराहनीय कार्य आज पूर्ण हुआ है, मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं।

इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री कुसुम द्विवेदी, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, पार्षद प्रदीप जायसवाल, कृष्णा द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि प्रेमलता मिश्रा, सेवादल की महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता अग्रवाल, समिति के संरक्षक अमृतलाल गुप्ता, अध्यक्ष बी.पी. तिवारी, उतरा कुमार, रवि शर्मा, राजेन्द्र सिंह, संजीद सिन्हा, महेन्द्र सिंह चंदेल, हरीश श्रीवासस्तव, अजय शुक्ला, प्रदीप जायसवाल आदि के साथ काफी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।